आका”ावाणी
क्षेत्रीय समाचार एकां”ा
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 13.11.2024
समय 1305

**पहले मुख्य समाचार :–**

- अक्टूबर 2023 से भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 13 दशमलव 5 प्रतिशत बढ़कर दो सौ तीन गीगावॉट हुई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ में पूजा–अर्चना की, तीर्थयात्रियों से बातचीत कर यात्रा व्यवस्था की जानकारी ली।
- वर्ष 2024 के सबसे गर्म वर्ष होने की आशंका, विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने वैश्विक तापमान अस्थायी रूप से एक दशमलव पांच–चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की चेतावनी दी।
- देहरादून में वायु गुणवत्ता ''खराब'' श्रेणी में, राजधानी में A Q I वायु सूचकांक दो सौ 71 दर्ज किया गया।

---

**बढोतरी**

दे”ा के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पिछले वर्ष अक्तूबर से इस वर्ष अक्तूबर तक महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के आंकडों के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा कुल संस्थापित क्षमता एक वर्ष में 13 दशमलव पांच शून्य प्रतिशत बढकर 24 दशमलव दो–शून्य गीगावॉट हो गई है। यह अक्तूबर 2023 में 178 दशमलव नौ–आठ गीगावॉट से बढकर अक्तूबर 2024 में 203 दशमलव एक आठ गीगावॉट हो गई।

**बदरीनाथ द”ान– मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज बदरीनाथ धाम पहुँचकर भगवान बदरी विशाल की पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने तीर्थयात्रियों से बातचीत कर उनके फीडबैक भी लिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार की यात्रा अपने अंतिम चरण में है और इस वर्ष यात्रा बेहतर ढंग से संपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि कपाट बंद होने में अभी 4 दिन का समय बाकी है, फिर भी भगवान बद्री विशाल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

**कपाट बंद प्रक्रिया**

चमोली जिले में स्थित वि”व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया आज पंच पूजाओं के साथ शुरू हो जाएगी। आज पहले दिन भगवान गणे”ा की पूजा होगी और शाम को गणे”ा मंदिर के कपाट बंद होंगे।

कल आदि केदारे”वर मंदिर और शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद होंगे। इसके बाद पन्द्रह नवंबर को खडग–पुस्तक पूजन और वेद ऋचाओं का वाचन बंद हो जाएगा। सोलह नवंबर को मां लक्ष्मी को कढाई भोग चढ़ाया जाएगा। इसके बाद सत्रह नवम्बर को रात नौ बजकर सात मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जांएगे। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा संपन्न हो जाएगी। गौरतलब है कि बदरीनाथ धाम के कपाट इस वर्ष बारह मई को खोले गए थे। अब तक तेरह लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम के द”ान किए हैं।

## इगास बग्वाल

प्रदे”ा के पर्वतीय क्षेत्रों में ‘‘इगास बग्वाल’’ का त्योहार पारंपरिक ढंग से उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। रात में स्थानीय देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना के बाद ढोल दमाऊं के साथ लोक नृत्य कर भैलो खेला गया। पौड़ी के रामलीला मैदान में जिला प्रशासन व स्थानीय निवासियों ने इगास पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर शहर में भैलो तैयार किए गए और नगर में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। देर रात तक चले उत्सव में देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रवासियों ने हिस्सा लिया।

## पराम”र्ा जारी

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– एफ०एस०एस०ए०आई ने ई–कॉमर्स क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ बनाने के लिए परामर्श जारी किया है। प्राधिकरण ने ई–कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों–एफबीओ से कहा है कि उपभोक्ताओं को वितरण के समय खाद्य पदार्थों की न्यूनतम शेल्फ लाइफ 30 प्रतिशत या उपभोग लायक नहीं रहने से पहले 40 दिन रखी जाए। प्राधिकरण ने ई–कॉमर्स एफबीओ के साथ कल दिल्ली में बैठक की। जिसमें दो सौ से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। प्राधिकरण ने एफबीओ को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बढा–चढा कर किए जा रहे दावों से बचने के लिए भी सावधान किया।

## एस०एन०सी०यू भुारू

देहरादून के कोरोने”ान अस्पताल और गांधी हास्पिटल में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई– एस०एन०सी०यू शुरू हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि जिला चिकित्सालय में एस०एन०सी०यू संचालित होने से सुरक्षित प्रसव हो सकेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राज्य में वर्ष 2025 तक शत् प्रतिशत् संस्थागत प्रसव होंगे।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे सुधारों को रेखांकित करते हुए डॉक्टर रावत ने कहा कि वर्ष 2027 तक प्रदे”ा में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य के अस्पतालों में

एएनएम, नर्सिंग स्टाफ, पेरामेडिकल, फार्मासिस्ट के सभी पद भर लिए गए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जल्द ही रूद्रपुर, बागेश्वर और पिथोरागढ मेडिकल कालेज का शुभारंभ हो जाएगा।

डॉक्टर रावत ने बताया कि उत्तराखण्ड पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है जो 200 विशेषज्ञ चिकित्सक प्रतिवर्ष अन्य राज्यों को देगा।

## चुनाव प्रचार में तेजी

केदारनाथ में 20 नवम्बर को होने वाले विधानसभा उप चुनाव के लिए प्रचार जोर पकड़ चुका है। भाजपा, कांग्रेस और उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्या"ाी चुनावी जनसभा कर मतदाताओं से अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

इस बीच, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया है कि प्र"ाासन ने मतदान को लेकर पूरी तैयारियां कर ली है। मतदान के दिन केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र के सभी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश रहेगा।

## **सबसे गर्म वर्श की आ''ांका**

दुनिया भर में औसत मासिक तापमान अत्यधिक बढने के कारण 2024 के अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहने की आशंका है। कॉप–29 सम्मेलन के दौरान जारी विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि महत्वाकांक्षी पेरिस समझौता गंभीर खतरे में है। पेरिस समझौते का लक्ष्य धरती की सतह के दीर्घकालिक औसत तापमान में वृद्धि को दो डिग्री से नीचे रखना है। समझौते में इस तापमान को एक दशमलव पांच–चार डिग्री तक सीमित रखने के प्रयासों पर बल दिया गया है।

विश्व मौसम संगठन द्वारा प्रयुक्त छह अंतरराष्ट्रीय आंकडों के विश्लेषण के अनुसार जनवरी से सितंबर के दौरान सतह की वायु का वैश्विक औसत तापमान औद्योगिक युग से पहले के औसत तापमान से एक दशमलव पांच चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस कारण अल नीनो की घटना को प्रोत्साहन मिला।

**मौसम**

राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड में बढोतरी होने लगी है। हालांकि इस वर्ष अभी तक खास बर्फबारी नहीं हुई है। इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के मैदानी हिस्सों में कुछ स्थानों पर वि”ोषकर हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों में हल्के से मध्यम कोहरा छाने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले एक सप्ताह तक राज्य में मौसम साफ बना रहेगा।

**वायु प्रदूशण**

राजधानी देहरादून में वायु गुणवत्ता श्रेणी खराब बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार देहरादून में वायु गुणवत्ता सूचकांक आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे दो सौ 71 दर्ज किया गया। वहीं, ऋषिके”ा और का”ाीपुर में वायु गुणवत्ता श्रेणी मध्यम नापी गई है। खराब गुणवत्ता वाली वायु श्रेणी में लंबे समय तक रहने से अधिकांश लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है। जबकि मध्यम गुणवत्ता की वायु श्रेणी में फेफड़े, अस्थमा और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो सकती है।

## गोल्ज्यू संदेश यात्रा

बागे”वर जिले में आयोजित गोलज्यू संदेश यात्रा देर शाम गोलू मंदिर गरुड़ पहुंची। यात्रा के मंदिर पहुंचने पर स्थानीय समिति, भक्तों व लोगों ने कुमाउनी परिधानों में सज–धजकर, मंगल तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर ढोल–दमाऊ के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। ग्वालदम होते हुए यात्रा गर्भ गोलज्यू मंदिर गरुड़ पहुंची। इसके बाद गोलज्यू संदेश यात्रा बागेश्वर पहुंची। स्थानीय महिलाओं ने गोलू मंदिर में भजन–कीर्तन कए। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

यात्रा के महामंत्री भुवन कांडपाल बताया कि श्री गोल्ज्यू संदेश यात्रा उत्तराखंड की संस्कृति और धरोहर को आज की युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का एक माध्यम है।

गौरतलब है कि गोलू देवता को उत्तराखंड में न्याय के देवता के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि न्याय न मिलने पर लोग गोलू देवता मंदिर में जाकर अर्जी लगाते हैं और उन्हें न्याय मिलता है।

हर तीन साल में एक बार गोल्ज्यू संदेश यात्रा निकाली जाती है जो चंपावत जिले से शुरू होती है। यह यात्रा 13 जिलों और 75 मंदिर से होकर चंपावत में ही समाप्त होती है।

## नए हाइड्रेंट

आग की घटनाओं को काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग की ओर से ऊधमसिंह नगर जिले में नए हाइड्रेंट लगाई जाएगी। जिलाधिकारी ने 34 नए हाइड्रेंट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और आपदा मद से जल संस्थान को 20 लाख रुपये दिए जाएंगे। ईशान कटारिया, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया ने बताया कि ंनए हाइड्रेंट गांधी पार्क गेट बाटा चौक, भगतसिंह चौक, गल्ला मंडी, रामलीला ग्राउंड के पास श्याम टाकीज के रोड, 31वीं वाहिनी पीएसी गेट, बालाजी द्वार, गोल मार्केट आदि स्थानों में लगाई जाएगी। विभाग की में चयनित जगहों पर हाइड्रेंट लगेंगे और इनकी टेस्टिंग भी उनकी निगरानी में ही होगी।